# ‘जयपुर में मकानों के पट्टे देने और निर्माण कार्यों में हो रहा भ्रष्टाचार’

## आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने शून्यकाल में इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की, जिस पर पूर्व मंत्री कृपलानी के साथ उनकी तीखी नोंकझोंक भी हुई

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर**। आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने गुरूवार को विधानसभा में जयपुर शहर में मकानों के पट्टे देने तथा निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। शून्यकाल में रफीक खान ने यह मुद्दा उठाते हुए हंगामा किया, जिस पर पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी के साथ उनकी तीखी नोंकझोंक भी हुई।

■ **रफीक खान ने कहा कि, ‘‘जयपुर शहर में छोटे-छोटे मकानों को सील किया जा रहा है, जबकि बड़े बंगलों को खुली छूट दी जा रही है। निर्माणाधीन मकानों की सीलिंग के नाम पर ‘डील’ की जाती है।’’**

रफीक खान ने सदन में आरोप लगाया कि जयपुर शहर में छोटे-छोटे मकानों को सील किया जा रहा है, जबकि बड़े बंगलों को खुली छूट दी जा रही है। निर्माणाधीन मकानों पर कुछ लोग कैमरे लेकर पहुंचते हैं और बाद में सीलिंग के नाम पर ‘डील’ की जाती है। खान ने यह भी कहा कि इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा के दौरान शहरी विकास एवं आवास (यूडीएच) मंत्री सदन में मौजूद नहीं थे। रफीक खान ने सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, हमारे राज में 14 लाख पट्टे दिए गए थे, लेकिन आपके राज में बिना भ्रष्टाचार के न तो नक्शा पास हो रहा है और न ही पट्टा मिल रहा है। बिना पैसा दिए कोई व्यक्ति अपने मकान की छत तक नहीं डाल सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि यह भ्रष्टों की सरकार है। एक भी मकान ऐसा नहीं मिलेगा जिसकी छत बिना पैसे दिए बन रही हो। एक भी पट्टा बिना रिश्वत के नहीं बन सकता। मेरे पास इसके सबूत है। इन आरोपों पर भाजपा विधायक एवं पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने कड़ी आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। देखते ही देखते सदन में हंगामे जैसे हालात बन गए। स्पीकर को बीच-बचाव कर स्थिति संभालनी पड़ी। उन्होंने सदस्यों से संयम बरतने की अपील की और सदन की गरिमा बनाए रखने की हिदायत दी। मुद्दे को लेकर सदन में काफी देर तक गरमागरम बहस चलती रही।

## मैरिज गार्डन में तोड़फोड करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। शिप्रापथ थाना पुलिस ने थाना इलाके में स्थित शिप्रा हाउस मैरिज गार्डन में कब्जे की नियत से तोड़फोड़ कर चोरी करने के मामले में फरार आरोपी पंकज गुरवानी को अवैध हथियार देशी कट्टे के साथ किया गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आई-20 कार जब्त की है।

उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज आईपीएस ने बताया कि अवैध हथियार रखने वाले व गंभीर वारदातों में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश जयपुर दक्षिण के सभी थानाधिकारीयो को दिए गए। इस कार्यवाही को अंजाम देने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। वांछित आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि शिप्रा हाउस मैरिज गार्डन में तोड़फोड़ करने वाले लड़कों में से एक लड़का पंकज गुरनानी अभी शिप्रा हाऊस मैरिज गार्डन के पीछे की तरफ एक आई-20 कार लेकर खड़ा है। टीम ने मुखबिर की सूचना पर पंकज गुरवानी (31) निवासी कागदी वाडा ब्रह्मपुरी को दबोच लिया।

# मधुमेह से जूझती दुनिया के लिए ‘इन्सुलिन’ सिर्फ़ दवा नहीं, जीवन की डोर है : डॉ. तोमर



**निम्स इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हैल्थ एंड गवर्नेंस द्वारा इंसुलिन एक्सेस के लिए नीति और कूटनीति विषय पर उच्च स्तरीय स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन किया गया।**

**जयपुर**। इंसुलिन की खोज को एक सदी से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी आज भी दुनिया भर में करोड़ों लोगों के लिए यह जीवनरक्षक दवा समान रूप से उपलब्ध नहीं है। इसी गंभीर वैश्विक चुनौती को केंद्र में रखते हुए निम्स इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड गवर्नेंस द्वारा इंसुलिन एक्सेस के लिए नीति और कूटनीति विषय पर एक उच्च स्तरीय स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन दिल्ली ऑफिस में किया गया। इस संवाद में देश-विदेश के नीति विशेषज्ञों, ग्लोबल हेल्थ लीडर्स, शिक्षाविदों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में निम्स यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं चांसलर प्रो. डॉ. बलवीर सिंह तोमर ने कहा कि इंसुलिन तक समान पहुँच केवल स्वास्थ्य मंत्रालय या डॉक्टरों की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, उद्योग, शैक्षिणक संस्थानों और नागरिक समाज के बीच मजबूत अंतर-क्षेत्रीय सहयोग आवश्यक है। जब तक हम सामूहिक नेतृत्व और साझा उत्तरदायित्व की भावना से काम नहीं करेंगे, तब तक यह जीवनरक्षक दवा हर जरूरतमंद तक नहीं पहुँच पाएगी। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि हेल्थ डिप्लोमेसी के माध्यम से देशों के बीच सहयोग बढ़ाकर, साझा निर्माण क्षमता और नॉलेज एक्सचेंज से इंसुलिन की लागत को कम किया जा सकता है।

संवाद में इंस्टीटयूट फॉर सिक्योरिटी एंड डेवलपमेंट पॉलिसी द्वारा निम्स विश्वविद्यालय द्वारा नवंबर 2025 में प्रकाशित लेख हेल्थ डिप्लोमेसी इन एक्सेस तो इन्सुलिन फॉर डायबिटीज एंड वेल बीइंग के निष्कर्षों का भी उल्लेख किया गया। लेख में बताया गया है कि किस प्रकार हेल्थ डिप्लोमेसी, देशों को प्रतिस्पर्धा से सहयोग की ओर ले जाकर, सामूहिक नेतृत्व के माध्यम से आवश्यक दवाओं तक पहुँच सुनिश्चित कर सकती है। इस उच्च स्तरीय संवाद में कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय विशेषज्ञों की भागीदारी रही। प्रमुख प्रतिभागियों में डॉ. कैथरीन बोहेम, डॉ. इलोना किकबुश, जिनेवा; प्रिंसेस पद्मजा कुमारी परमार, बोस्टन; डॉ. लीना, स्विसनेक्स; डॉ. विवेक – यूनिसेफ़ इंडिया; तथा डॉ. संजय पट्टनशेट्टी, डॉ. दीपक नथिया डॉ. अनिरुद्ध, निम्स यूनिवर्सिटी इत्यादि शामिल रहे। इनके अतिरिक्त अनेक अन्य नीति निर्माता, शिक्षाविद और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियो भी संवाद का हिस्सा बने।

# स्काउट-गाइड संगठन युवाओं की सेवा संकल्प से जुड़ी हुई संस्कृति : राज्यपाल



**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मंत्री ओटाराम देवासी को सम्मानित किया।**

**जयपुर (कासं)**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि युवा स्वयं के विकास के साथ राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। उन्होंने स्काउट गाइड संगठन के युवाओं को दृढ़ संकल्प शक्ति और मन बनाकर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने युवाओं को अधिकारों की बजाय राष्ट्र और समाज तथा शिक्षा के प्रति कर्तव्य की भावना को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बागडे जगतपुरा में आयोजित राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि स्काउट व गाइड संगठन युवाओं की सेवा संकल्प से जुड़ी संस्कृति से जुड़ा संगठन है। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि वह स्वयं स्काउट संगठन में रहे हैं। यह अनुशासन से जुड़ा युवाओं को प्रेरणा देने वाला संगठन है।

स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने मुख्य अतिथि राज्यपाल बागडे, राज्य मंत्री देवासी, विधायक दर्शन सिंह, वीरेंद्र सिंह एवं अन्य अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया। आर्य ने बताया कि अब तक जितनी भी राष्ट्रीय जंबूरिया हुई है उन सभी में राजस्थान ने सर्वोच्च पदक प्राप्त करते हुए शिखर पर अपना स्थान बनाए रखा है। राष्ट्र में लगभग 70 लाख स्काउट गाइड है, जिनमें से 18 लाख स्काउट गाइड के साथ राजस्थान सर्वोच्च स्थान रखता है। समारोह में विधायक दर्शन सिंह और वीरेंद्र सिंह, अखिल शुक्ला ने भी विचार रखें।

इससे पहले राज्यपाल ने संगठन को उल्लेखनीय आर्थिक सहयोग के लिए राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, विधायक वीरेंद्र सिंह, दर्शन सिंह, चूरू कलेक्टर अभिषेक सुराना, नमिता मेहता व अन्य को धन्यवाद बेज, संगठन में उत्कृष्ट कार्यों व सतत सेवा के लिए प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल एवं जनसंपर्क प्रभारी नीरज जैन सहित अन्य कार्मिकों एवं कार्यकर्ताओं को मेडल ऑफ मेरिट तथा श्रेष्ठ स्काउट गाइड को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

# प्रदेश की 3174 गौशालाओं को दी 784 करोड़ रु. सहायता : कुमावत

**जयपुर**। गौ-पालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राजस्थान गौ संरक्षण एवं संवर्धन निधि नियम के तहत पात्र गौशालाओं में संधारित गौवंश को चारा-पानी, पशु आहार और आधारभूत परिसम्पतियों के निर्माण के लिए सहायता राशि दी जाती है तथा चिकित्सकीय कार्य नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था द्वारा किया जाता है। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्ष 2024-25 के द्वितीय चरण के तहत 3174 पात्र गौशालाओं में संधारित गौवंश के लिए 784.43 करोड़ रुपए की सहायता दी गई है। गौ-पालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक हंसराज पटेल के पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि पंचायत समिति नंदीशाला जन सहभागिता योजना के तहत निराश्रित या नर गौवंश को आश्रय प्रदान करने के लिए राज्य की प्रत्येक पंचायत समिति मे आधारभूत परिसंपतियों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 57 लाख रुपए का प्रावधान है। इसमें राज्य सरकार द्वारा अनुदानित और 3 साल का अनुभव रखने वाली गौशालाएं आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने पंचायत समिति नंदीशाला जनसहभागिता योजना में प्रदेश में खोली गई 70 नंदिशालाओं और इसके लिए 70.02 करोड़ रुपए आवंटित राशि का विवरण सदन के पटल पर रखा। इससे पहले सदस्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गोपालन मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्टाम्प ड्यूटी एवं शराब पर अधिभार से प्राप्त राजस्व से पंजीकृत गौशालाओं को अनुदान दिया जाता है। वर्ष 2022 में प्राप्त राजस्व 1058.03 करोड़ रुपए में से 750.87 करोड़ रुपए, वर्ष 2023 में प्राप्त 1210.82 करोड़ रुपए में से 733.15 करोड़, वर्ष 2024 में 1232.53 करोड़ रुपए दिए।

## भूजल दोहन नियमन-नियंत्रण पर चर्चा

**जयपुर**। भारतीय उद्योग परिसंघ ने केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के सहयोग से ‘‘भूजल निष्कर्षण का विनियमन और नियंत्रण’’ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य भूजल निकासी के लिए जल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के बारे में जागरूकता पैदा करना था, जिसमें केंद्रीय भूजल प्राधिकरण के ऑनलाइन पोर्टल-भुनीर ऐप के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करके कानूनी तरीके से भूजल निकासी की सुविधा प्रदान करना, नियामक प्रवर्तन को मजबूत करना और जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाना शामिल था। केंद्रीय भूजल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. राकेश कुशवाहा ने बढ़ते जल संकट के वर्तमान संदर्भ में भूजल दोहन के नियमन-नियंत्रण का महत्व बताया।


## सार-समाचार

### ‘आयुष-होम्योपैथी के लिए कुछ नहीं’



**जयपुर (कासं)**। वरिष्ठ होम्योपैथ एवं स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के आचार्य प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने कहा कि भजन लाल सरकार का तीसरा बजट उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लगभग 3 घंटे में पूर्ण किया, लेकिन हर बार की तरह फिर होम्योपैथी की उपेक्षा की। ना तो होम्योपैथिक की डिस्पेंसरियां बढ़ाई और न ही बजट प्रावधान किया। पिछले वायदे व घोषणाएं ही अभी तक पूर्ण नहीं हो पायी। सभी को मुफ्त स्वास्थ व इलाज की घोषणा की है मगर फलीभूत केसै होगी साफ नहीं है। किसानों, युवाओं व महिलाओं के लिए आकर्षक योजनाएं बतायी गयी हैं, जयपुर के लिए भी अच्छे फंड का ऐलान व जल व सड़क बनाने के लिए भी ध्यान दिया गया है। परंतु खेद का विषय है कि तेजी से बढ़ती महंगाई, बिजली, पैट्रोल-डीजल व गैस जैसे जरुरी मुद्दों पर चुप्पी है।

### ‘बजट काग़ज़ी घोषणाओं का पुलिंदा’



**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आकांक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। यह बजट नहीं, बल्कि आंकड़ों की बाजीगरी और अफ़सरशाही द्वारा तैयार किया गया एक नीरस दस्तावेज़ है, जिसमें जनता की पीड़ा, युवाओं की उम्मीद और खिलाड़ियों के सपनों के लिए कोई स्थान नहीं है। गिरिराज खंडेलवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब नेतृत्व अनुभवहीन हो और पूरी तरह अधिकारियों के भरोसे बैठा हो, तब बजट का यही हाल होता है-दिशाहीन, प्रभावहीन और जनविरोधी। मध्यम वर्ग, बेरोजगार युवा, महिलाएँ और दिव्यांग-सभी को इस बजट ने निराश किया है।

### बजट से कर्मचारी वर्ग निराश : महेन्द्र शर्मा



**जयपुर**। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, जलदाय विभाग के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को कर्मचारियों की आशाओं और अपेक्षाओं के विपरीत बताते हुए गहरी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के भविष्य, सम्मान और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी एसीपी, ग्रेड पे एवं पदोन्नित जैसी मूलभूत मांगों पर किसी ठोस निर्णय का अभाव सरकार की प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल समितियों के गठन से समस्याओं का समाधान संभव नहीं है, क्योंकि पूर्व में गठित समितियों की रिपोर्टों पर आज तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। कर्मचारी संघ अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि कर्मचारी संघ लंबे समय से वर्तमान 9-18-27 एसीपी व्यवस्था के स्थान पर 8-16-24-32 एसीपी लागू करने की मांग करता आ रहा है, ताकि कर्मचारियों को समयबद्ध आर्थिक उन्नयन का वास्तविक एवं न्यायसंगत लाभ मिल सके। उन्होंने मंत्रालयिक संवर्ग में सहायक प्रशासनिक अधिकारी का ग्रेड पे 4200 किए जाने, कर्मचारियों की न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता स्नातक निर्धारित करने तथा संस्थापन अधिकारी से ऊपर दो नए पद सृजित कर उनके ग्रेड पे क्रमशः 7600 एवं 8700 तय करने की मांग दोहराई।

### सवाई ईश्वरी सिंह की जयंती पर संगोष्ठी



**जयपुर (कासं)**। जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह के ज्येष्ठ पुत्र महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह की 305वीं जयंती के अवसर पर सवाई ईश्वरी सिंह की छतरी पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जयपुर के इतिहासकार, साहित्यकार, चित्रकार और ढूंढाडी भाषा के कवियों ने महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्त भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण ढूंढाड़ क्षेत्र की कला, इतिहास और संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ढूंढाड़ संस्कृति परिषद की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह का संदेश भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि जयपुर की कला, संस्कृति, साहित्य और सनातन की परंपरा को हर युवा और जन-जन तक पहुंचाई जानी चाहिए, इसके लिए वे सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर है। मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार, जितेंद्र सिंह शेखावत ने अपने विचार व्यक्त करते भौमिया महाराज के इतिहास और विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भौमिया महाराज पर जयपुरवासियों की आस्था बहुत मजबूत है। इसके साथ ही शेखावत ने महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह के साथ हुए विश्वासघात की कहानी को संक्षिप्त में बताया। इस मौके पर इतिहास के प्रोफेसर रहे राघवेंद्र सिंह मनोहर, प्रोफेसर गोविंद शंकर शर्मा, कुलवंत सिंह, डॉ. सुभाष शर्मा, पर्यावरण विद्, सूरज सोनी और पूर्व पार्षद विक्रम सिंह तंवर मौजूद थे।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए बजट में घोषणा पर आभार जताया



**जयपुर**। राजस्थान मैंटल हैल्थ एंड सुसाइड प्रिवेंशन नेटवर्क के संयोजक एवं जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ भूपेश दीक्षित ने राज्य बजट 2026-27 में सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य के दूरगामी लक्ष्य को प्राथमिकता पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार जताया। दीक्षित ने सरकार द्वारा घोषित ‘‘राज ममता’’ कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे प्रदेश में अवसाद, चिंता और आत्महत्या जैसी गंभीर समस्याओं की रोकथाम के लिए एक युगांतकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन मेंटल हेल्थ’ की स्थापना से काउंसलिंग और टेली-मेडिसिन सेवाओं को नई विशेषज्ञता प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने जिला मुख्यालयों पर ‘मेंटल हेल्थ केयर सेल’ की स्थापना व जिला अस्पतालों में मनोरोग चिकित्सक व साइकोलॉजिकल काउंसलर्स की नियुक्ति का निर्णय लिया गया है, जिससे उपचार और पुनर्वास की सेवाएं सुलभ हो सकेंगी।

# 5 माह के बच्चे को छोड़कर विवाहिता ने फंदे से झूली

## प्रारम्भिक जांच में पारिवारिक विवाद माना जा रहा है मौत का कारण

**जयपुर**। खोरा बीसल थाना इलाके में स्थित नांगल लाडी नाडा निवासी विवाहिता ने अपने पांच माह के बच्चे को छोड़ कर फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसके बाद परिजन ही शव को फंदे से नीचे उतार कर चौमूं के सरकारी अस्पताल ले गए। इसी दौरान किसी ने मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रुम को दे दी। कंट्रोल रुम की मिली सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर में मौजूद लोगों से बातचीत को ओर चौमूं के सरकारी अस्पताल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया

थानाधिकारी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि कंट्रोल रुम से सूचना मिली की एक विवाहिता ने पारिवारिक कारणों के चलते फंदे से झूल आत्महत्या कर ली और परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव को फंदे से नीचे उतार चौमूं के सरकारी अस्पताल में ले गए है।

इतला मिलने के बाद ड्यूटी ऑफिसर शैतान सिंह मय पीईआर जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे। शैतान सिंह ने घर में मौजूद परिजनों से बाचीत की तो सामने आया कि घर के कुछ लोग महिला के शव को लेकर चौमूं के सरकारी अस्पताल गए है। सूचना पर थानाधिकारी सुरेंद्र चौधरी,एएसआई रणसिंह चौमूं के सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां पर मृतका अनीता पत्नी संदीप उर्फ शंकर कुमार (30) अस्पताल में मौजूद मिले। पुलिस ने परिजनों से बातचीत कर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया हॉस्पिटल शास्त्री नगर भिजवाया। थानाधिकारी सुरेंद्र चौधरी ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच एसीपी झोटवाड़ा के सुपुर्द कर दी है।

## ‘कर्मचारियों की अनदेखी से रोष’

**जयपुर**। राजस्थान निजी सहायक संवर्ग महासंघ के प्रदेश महामंत्री पृथ्वी सिंह राठौड़ का कहना है कि बजट घोषणा 2026-27 में कर्मचारियों की अनदेखी से सम्पूर्ण कर्मचारी जगत में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बजट पूर्व संवाद में कर्मचारी संगठनों से मांगे गये सुझावों को पूर्ण रूप से अनदेखा किया गया है।

पृथ्वी सिंह राठौड़ ने बताया कि संवर्ग की वर्षों पुरानी लम्बित मांगे पांचवी पदोन्नति और निजी सचिव ग्रेड पे की वेतन विसंगति की शून्य वित्तीय भार वाली मांगों को भी अनदेखा किया गया है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार अनुभव अवधि में दो वर्ष की जो शिथिलता मिल रही थी उसे भी इस बजट भाषण में शामिल नहीं किया गया है। कुल मिलाकर सरकार ने बजट भाषण में कर्मचारियों को पूर्ण रूप से निराश किया है, जिसके चलते कर्मचारियों में सरकार के प्रति नकारात्मक भाव उत्पन्न हो रहा है। अब कर्मचारियों को माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रतिउत्तर में अपनी प्रमुख मांगों के साथ ही अनुभव अवधि में दो साल के शिथिलन दिए जाने की उम्मीद हैं ताकि कर्मचारियों का सरकार के प्रति विश्वास बना रहे।

# सेंट्रल जेल में बंदियों की भिड़ंत में एक बंदी घायल

■ **आरोप है कि बंदियों ने विचारधीन बंदी राहुल के साथ लात-घूंसे से मारपीट की और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया।**

■ **सूचना मिलने पर जेल अधिकारी मौके पर पहुंचे और अतिरिक्त फोर्स बुलाकर झगड़ रहे बंदियों को काबू किया और सभी को स्पेशल सेल में शिफ्ट कर दिया।**

**जयपुर**। लालकोठी थाना क्षेत्र स्थित कड़ी सुरक्षा वाली सेंट्रल जेल में बंदियों के बीच मारपीट की दो घटनाएं सामने आई हैं। झगड़े में एक विचाराधीन बंदी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल ले जाया गया। मामले में जेल प्रशासन की रिपोर्ट पर लाल कोठी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

थानाधिकारी प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि जेल प्रशासन की शिकायत के अनुसार वार्ड नंबर ग्यारह की बैरक में विचाराधीन बंदी राहुल के साथ उसी सेल में बंद पुनीत, नरेंद्र, सचिन, कन्हैया,कोमल और योगेश ने मारपीट की। आरोप है कि बंदियों ने राहुल के साथ लात-घूंसे से मारपीट की और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर जेल अधिकारी मौके पर पहुंचे और अतिरिक्त फोर्स बुलाकर झगड़ रहे बंदियों को काबू किया। सभी को स्पेशल सेल में शिफ्ट कर दिया गया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बुधवार को जेल के भीतर दो अलग-अलग बार गाली-गलौज को लेकर विवाद हुआ। सुबह बंदी राजेश और राहुल के बीच कहासुनी के बाद झगड़ा हुआ। इसके बाद दूसरी घटना में भी मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पूछताछ में सामने आया कि बंदी पुनीत हरियाणा की कौशल गैंग से जुड़ा है। उसका आरोप है कि विचाराधीन बंदी राहुल ने उसके भाई कौशल के लिए अपशब्द कहे। जिसके चलते मारपीट हुई। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और मामले में शामिल बंदियों से पूछताछ जारी है।

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

■ **पिकअप चालक मौके से फरार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चालक की तलाश**

**जयपुर**। प्रताप नगर थाना इलाके में स्थित महाराणा प्रताप सर्किल के समीप तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से साइकिल सवार युवक को घायल अवस्था में महात्मा गांधी अस्पताल भिजवाया। जहां पर उपचार दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस ने बताया कि महाराणा प्रताप सर्किल के समीप सोमवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी इतवारी (45) साइकिल से मेवाड़ अपार्टमेंट की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार युवक इतवारी गंभीर रुप से घायल हो गया था। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से उसे महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराय। जहां पर उपचार दौरान बुधवार देर शाम इतवारी ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतक इतवारी पिछले दो महीने से अपनी पत्नी के साथ जयपुर में रह रहा था और सुबह -सुबह गाड़ियों की साफ -सफाई करता था। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे।

## सीए दिक्षित जैन का विदेश में सम्मान

**जयपुर**। सीए दिक्षित जैन ने ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर बतौर वक्ता के रूप में संबोधित किया। यूरोप इंडिया सेंटर फॉर बिज़नेस एंड इंडस्ट्री और वॉटर एंड शार्क द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में सीए दिक्षित जैन ने ‘‘नेक्स्ट-जेन कैपिटल एंड इम्पैक्ट इन्वेस्टिंग: एजुकेटेड डिसीज़न्स फॉर सस्टेनेबल वैल्यू क्रिएशन’’ पर अपनी बातें रखी। इस अवसर पर उन्हें लॉर्ड कुलदीप साहोटा, हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य द्वारा सम्मानित किया गया। ब्रिटिश संसद में यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं था, बल्कि उन मूल्यों की पहचान थी जिन्हें जैन प्रतिनिधित्व करते हैं-शिक्षा, समुदाय और वैश्विक नागरिकता। यह केवल एक औपचारिक सम्मान नहीं था। यह उस जीवन यात्रा का शिखर था जो राजस्थान के एक छोटे कस्बे की गलियों से शुरू हुई थी, जहाँ एक बालक ने गाँव के साधारण विद्यालय में पढ़ाई की, मूल्यों और दृढ़ता से पोषित हुआ, और अंततः दुबई में विश्व के वित्तीय नेताओं का मार्गदर्शन करने तक पहुँचा।

# अंतर्राज्यीय ठग गिरोह के 2 इनामी बदमाश सिलीगुड़ी से गिरफ्तार

**जयपुर**। बनीपार्क पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ठग गिरोह के दो दस-दस हजार रुपए के इनामी आरोपियों को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपियों ने एक फर्जी कंपनी बनाकर व्यापारियों से करोड़ों रुपये की ठगी की थी। दोनों आरोपी वर्ष 2019 से फरार चल रहे थे और इनके खिलाफ जयपुर शहर सहित अन्य राज्यों में कई प्रकरण दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि बनी पार्क थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय ठगी गिरोह के शातिर ठग विनय उर्फ विजय पोद्दार (अग्रवाल) और विकास उर्फ बिकास पोद्दार (अग्रवाल) को सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) से गिरफ्तार किया। इस मामले में पूर्व में पुलिस दस आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्यों ने सिपरी,रेनसेल एलेकेन फॉनवी, बी.एम.डब्ल्यू. प्रेशियस मेटल ट्रेड लिंकर आदि नामों से फर्जी कंपनियां बनाकर जयपुर, मुंबई सहित अन्य स्थानों पर कार्यालय खोल कर रेडियोएक्टिव मटेरियल, आर्टिकल-192, दुर्लभ पेंटिंग, मैजिक मिरर, करामाती चश्मा और चमत्कारी माला बेचने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी की। वहीं पीड़ितों को नासा, भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, डीआरडीओ और रक्षा मंत्रालय के फर्जी दस्तावेज दिखाकर विश्वास में लिया जाता था। केमिकल टेस्टिंग के नाम पर आगर रोड स्थित फार्महाउस पर कथित जांच कराई जाती और बार-बार टेस्ट फेल बताकर करोड़ों रुपए वसूले जाते थे। दोनों गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 406, 467, 468, 471 और 120-बी आईपीसी सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। कुछ मामलों में चालान पेश हो चुके हैं, जबकि कई प्रकरण लंबित थे और दोनों ही आरोपियों पर दस-दस हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था।

अब तक दर्ज मामलों में गिरोह द्वारा करीब 26 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है। पुलिस ने गिरोह के फार्महाउस और ठिकानों पर दबिश देकर एंटीक पेंटिंग, कथित करामाती सामग्री और ठगी से जुड़े दस्तावेज बरामद किए हैं। बैंक खातों को फ्रीज कराने की कार्रवाई भी की गई है। थानाधिकारी मनोज कुमार बेरवाल ने बताया कि बनीपार्क थाने में वर्ष 2019 में हैदराबाद, कोलकाता, इंदौर, दिल्ली, सवाई माधोपुर और जयपुर के व्यापारियों से 5.55 करोड़, 3.09 करोड़, 4.80 करोड़, 8 करोड़, 1.25 करोड़ और 25 लाख रुपए सहित अन्य राशियों की ठगी के प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा सांगानेर, झालूपुरा, दिल्ली और पंजाब में भी मामले दर्ज हैं।

इस गिरोह के 10 सदस्यों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें अजय सिंह, सत्यनारायण, गणेश इंगोले, अमित गुप्ता, राकेश गोयल, सन्नी जैन, चंद्र सैनी, आशीष गुप्ता, शिवानी गुप्ता और भवानी सिंह शेखावत शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह सुनियोजित तरीके से अंतरराज्यीय नेटवर्क बनाकर लोगों को करोड़ों की ठगी का शिकार बना रहा था।